खबर संक्षेप

## मंडला में प्रोजेक्ट अमृत का चौथा चरण 22 फरवरी को



**मण्डला।** मानव सेवा और जल संरक्षण के संकल्प को साकार करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मां अभियान का चौथा चरण रविवार 22 फरवरी को प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परम पूज्य माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार यह अभियान देश घर में 1500 से अधिक स्थानों में संचालित होगा। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि जल संरक्षण एवं स्वच्छता के उद्देश्य हेतु यह ऐतिहासिक पहल की जा रही है। माहिष्मति नगरी में प्रोजेक्ट अमृत अभियान में सेवादारों व साधसंगत के द्वारा मंडला के संगम घाट में सुबह 7 से 10 बजे तक संगम घाट की सफाई एवं जल स्त्रोतों के आसपास के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रोजेक्ट अमृत की शुरुआत वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से की गई थी।यह अभियान जल को केवल संसाधन नहीं बल्कि जीवन का आधार मानते हुए उसके संरक्षण को सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करता है।

### गोंगापा के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे डोलामाईट खनन क्षेत्र ग्रामीणों से किया संवाद

# संदेह घेरे में डोलोमाईट संचालन

*** पत्रकारों पर हमले की निंदा, करेंगे प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





ककैया डोलामाईड खदान में तथाकथित लोगो के द्वारा पत्रकारों साथ किए गए अभद्र व्यवहार का मामला चर्चा में आ गया है। बिछिया विधानसभा के कान्हा क्षेत्र से लगे ककैया डोलामाईट माईन्स तहसील बिछिया में एक अनोखी खदान संचालित है। जिसका सूचना बोर्ड में दर्ज नाम अनुसार मैं. विनोद कुमार अग्रवाल ककैया डोलामाईट माईन्स जिसका खसरा क्रमांक 1472 रकवां नंबर 6.81 हेक्टेयर जिसका अवधि 14.08.2002 से 13 अगस्त 2052 अवधि तक के लिए संचालित खदान बताया गया है। यह खदान इन दिनों विवाद के घेरे में आ गई है। इस खदान में अवैध ब्लास्टिंग के अनेक मामले सामने आ चुकें हैं हेवी ब्लास्टिंग के चलते आसपास के रहवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं सरकारी सम्पत्ति जिसमें शासकीय स्कूल सहित आंगनबाड़ी भी शामिल है को भी नुकसान हुआ है। लेकिन प्रशासन जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहा है। मामला काफी गंभीर है अवैध खनन परिवहन सरकारी सम्पत्ति का नुकसान आम बात हो गई है यहीं नही इस खदान में किसी को घुसने की परमिशन भी नही है। यहां पदस्थ अमला आप पर झूठा केश प्रकरण शिकायत एफआईआर करने के लिए हर दम तैयार रहता है डरे सहमे ग्रामीण जो कि आदिवासी सहित अन्य समाज समाज से तालूकात रखते हैं वे अब खुलकर कुछ नही बोल पा रहे है चांदी के सिक्कों के आगे पूरा प्रशासन बिका नजर आ रहा है वहीं पत्रकार के साथ की गई अभद्रता और बंधक बनाए जाने के घटना के बाद भी जिला जनसम्पर्क अधिकारी खमोश बैठे हैं अभी तक जन सम्पर्क अधिकारी ने पत्रकार से इस संबंध में कोई संवाद नही किया है। लिहाजा ऐसा प्रतीत होता है कि इस खदान संचालक को भाजपा ही नही कांग्रेस का अभयदान मिला हुआ है। वही बिछिया विधायक भी खमोश हैं तो दूसरी तरफ समाचार प्रकाशन के बाद गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम खुलकर सामने आ गए और उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर हमला लोकतंत्र का गला घोटने का समान है और शुक्रवार को कमलेश तेकाम अपने साथियों के साथ बीजेगांव ककैया पहुंचे जहां पर स्कूल का निरीक्षण किया और स्थानीय ग्रामीणों से संवाद किया। जब उन्होंने हालात देखे तो उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन गजब तरीके से संचालित हो रहा है। वहीं घटना की वस्तुस्थिति को लेकर पत्रकारों का एक दल फिर खदान स्थल के समीप पहुंचा जहां पर कवरेज के दौरान फिर पत्रकारों के साथ अभद्रता करने की कोशिश की गई जबकि पत्रकारों ने बम्हनी थाना प्रभारी से मिलकर वस्तुस्थिति बताते हुए सुरक्षा की मांग की थी वहीं दूसरी तरफ सूत्रों का कहना है कि इस फर्म की इस क्षेत्र में अनेक खदाने संचालित है कुछ खदाने बंद पड़ी है लेकिन इन खदानों की रॉयल्टी उपयोग में ली जा रही है क्या सहीं है और क्या गलत खनिज अधिकारी ही बता पायेंगे वहीं दूसरी तरफ प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम ने स्पष्ट कहा कि मैं पत्रकारों के साथ हूं और शीघ्र ही जिला प्रशासन के साथ के विरोध में धरना प्रदर्शन होगा इस खदान में बड़ी बड़ी मशीनों से जमीन का सीना छलनी कर बेतहाश मात्रा में डोलोमाइट निकाला जा रहा है। वहीं ग्राम पंचायत ककैया के भी जबावदार लोग भी इस गंभीर मामले में खमोश बैठे हैं वहीं सूत्रों का कहना है कि ग्राम पंचायत से एनओसी जारी हुई कि नही यह भी स्पष्ट नही हो पा रहा है यहां के सरपंच हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। फाईल की गहन जांच के साथ वास्तुस्थिति जनता के समक्ष सामने आनी चाहिए इस पूरे मामले में बिछिया एसडीएम सोनाली देव ने जांच किए जाने की बात कहीं है तो वहीं शुक्रवार को खनिज विभाग का दल इस क्षेत्र में पहुंचा था लेकिन क्या पाया क्या देखा कुछ भी स्पष्ट नही हो पाया है फिलहाल इस घटना को लेकर पूरे प्रदेश के पत्रकार लामबंद होने जा रहे हैं मंडला जिले में वैसे भी लगातार पत्रकारों के साथ अव्यवहार के साथ अभद्रता किए जाने के अनेक मामले सामने आ चुकें है जिसकी निंदा देश और प्रदेश की नामचीन पत्रकारों ने अनेक मंचों से की है। वहीं इस खदान में बड़ी-बड़ी मशीनों से जमीन का सीना छलनी कर डोलामाइट निकाला जाता है। जो महानगरों की ओर भेजा रहा है ओवरलोड वाहनों ने सरकारी सडक़ो का दम निकाल दिया है तो दूसरी तरफ अवैध ब्लास्टिंग से पूरा काम चलता है। खदान की चट्टानों में बड़े-बड़े होल कर बड़ी ब्लास्टिंग की जाती है। जिससे आसपास के गांव कंपन की चपेट में आ जाते हैं। बाहुबलि और पैसे की दम पर संचालित इन खदानों पर न तो कभी जांच टीम जाती है और न ही कभी इन खदानों का भौतिक सत्यापन होता है कागजों में सब सही चल रहा है लेकिन मौंका स्थल कुछ और बयान करता है।




## गंभीर रूप से बीमार रितिका को एयरलिफ्ट कर भेजा गया चंडीगढ़



*** मण्डला जिले में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का सफल आगाज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित एवं उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा मण्डला जिले के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस सेवा के माध्यम से जिले के ग्राम घुटास निवासी 16 वर्षीय कु. रितिका यादव को गंभीर अवस्था में एयरलिफ्ट कर चंडीगढ़ भेजा गया। वे जिले की इस सेवा का लाभ प्राप्त करने वाली प्रथम हितग्राही हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती ने जानकारी देते हुए बताया कि कु. रितिका यादव फाइब्रोसिस एवं पल्मनरी आर्टरीज हाइपरटेंशन जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। पूर्व में उनका उपचार नागपुर मेडिकल कॉलेज में भी कराया गया था, किंतु बीमारी की जटिलता को देखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उन्हें उन्नत उपचार के लिए पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ भेजने की सलाह दी गई।

रितिका के पिता का पूर्व में निधन हो चुका है तथा उनकी माता श्रीमती तरेसा यादव ही उनका एकमात्र सहारा हैं। कु. रितिका प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र हितग्राही हैं। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा पीजीआई चंडीगढ़ के फेफड़ा रोग विशेषज्ञों से समन्वय स्थापित कर मरीज की स्थिति से अवगत कराया गया, जिसके पश्चात संस्थान द्वारा निःशुल्क उपचार के लिए सहमति प्रदान की गई।

इस पूरे प्रकरण में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की संवेदनशीलता और तत्परता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उनके मार्गदर्शन में न केवल एयर एम्बुलेंस की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित की गई, बल्कि रितिका की माता को आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई, ताकि उपचार के दौरान किसी प्रकार की आर्थिक बाधा न आए। चंडीगढ़ मेडिकल कॉलेज में समन्वय स्थापित कराने में भी कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई गई।

20 फरवरी को प्रातः 8:30 बजे रितिका यादव को जबलपुर एयरपोर्ट से एयर एम्बुलेंस के माध्यम से चंडीगढ़ रवाना किया गया। वर्तमान में उनका उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में प्रारंभ हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्रता होने के कारण मरीज को यह महंगी एयर एम्बुलेंस सुविधा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।

## मेटो का जनपद स्त्तरी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत शासन के निर्देश अनुसार दिनांक 23/02/2026 से मनरेगा योजना में कार्य मजदूरों की उपस्थिति फेस आधारित किए जाने की दृष्टि से जनपद पंचायत क्षेत्र में कार्यरत मेटो को मोबाइल मॉनिटरिंग के अंतर्गत फेस आधारित उपस्थिति के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज विनोद कुमार मरावी के मार्गदर्शन में समस्त मेटो को मनरेगा टीम द्वारा प्रशिक्षित किया गया ताकि दिनांक 23 2 2026 से मजदूरों की उपस्थित लेने में किसी प्रकार की कोई अवरुद्ध ग्राम पंचायत को ना रहे प्रशिक्षण में मनरेगा टीम में अतिरिक्त समस्त मेटो द्वारा उपस्थित प्रशिक्षण अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार साहू द्वारा संपूर्ण प्रशिक्षण को संचालित किया गया।

## प्रमुख सचिव ने की जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी. नरहरि ने सभी जिला कलेक्टरों के साथ वीसी के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा करें और आगामी ग्रीष्म काल को ध्यान में रखते हुए समूह जल प्रदाय योजनाओं और एकल ग्राम योजनाओं पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य है, और इसके लिए सभी कार्यों को समय पर पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने जिला कलेक्टरों से कहा कि वे अपने-अपने जिलों में जल जीवन मिशन के कार्यों की मॉनिटरिंग करें और जहां भी आवश्यक हो, वहां अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराएं। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में प्रमुख सचिव ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि समूह जल प्रदाय योजनाओं और एकल ग्राम योजनाओं को प्राथमिकता दें और इन योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। मंडला एनआईसी कक्ष से इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, कार्यपालन यंत्री पीएचई मनोज भास्कर सहित संबंधित शामिल हुए।

## विधायक द्वारा रंगमंच का भूमि पूजन एवं रामायण मंडल को संगीत समान भेंट



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजे गांव खमरिया में निवास विधानसभा के विधायक चैन सिंह बरकडे द्वारा रंग मंच निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया और बीजे गांव में यादव समाज के रंगमंच का काम देखने के लिए गए रामायण मंडल को संगीत की सामग्री दी गई इस कार्यक्रम में विधायक चैन सिंह बरकड़े विपिन रामकुमार सोनी मुकेश कुमार सोनी ग्राम पंचायत के सरपंच अर्जुन सिंह एवं सचिव मंगल सिंह मरावी उपसरपंच झुन्नालाल यादव एवं गांव के सभी युवा साथी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**विडम्बना** | एसडीएम बिछिया पहुंची परीक्षा केंद्र देखकर रह गई हैरान।

# प्रायोगिक परीक्षा में हो रही थी खुलकर नकल

*** प्रभारी केंद्र अध्यक्ष सहित तीन के विरुद्ध होगी कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



वर्तमान में पूरे मध्य प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएं संचालित हैं जिसके अंतर्गत सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न कराई जा रही हैं विगत वर्षों का परीक्षा परिणाम देखा जाए तो मंडला जिला हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में टॉप टेन में रहा है जमीनी हकीकत यह है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भारी कमी है इसके उपरांत भी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट आना सभी को आश्चर्यचकित करता है। बात प्रायोगिक परीक्षाओं की जाए तो प्रायोगिक परीक्षा सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक स्थितियों में लागू करने की क्षमता का मूल्यांकन करती है, जो छात्रों में व्यावहारिक कौशल, आलोचनात्मक सोच, और समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करती है। यह विषय की गहरी समझ, प्रयोगशाला उपकरणों का सही उपयोग और सटीक अवलोकन की योग्यता को परखकर समग्र शिक्षा को बढ़ावा देती है।

### प्रायोगिक परीक्षा का मुख्य महत्व और उद्देश्य

व्यावहारिक कौशल का विकास, छात्रों को प्रयोगात्मक प्रक्रियाओं, उपकरणों और रसायनों को संभालने का व्यावहारिक अनुभव दिलाना है। जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है।

अवलोकन और यथार्थताः यह छात्रों के अवलोकन कौशल और प्रयोगों के परिणामों में सटीकता की जाँच करती है।

सैद्धांतिक ज्ञान के अनुप्रयोग के साथ साथ कक्षा में सीखी गई थ्योरी को वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने की क्षमता की परख होती है।

समस्या-समाधान की योग्यता के अंतर्गत विद्यार्थी प्रयोग के दौरान आने वाली समस्याओं का हल करना और उपयुक्त निष्कर्ष निकालना सीखते हैं।

आलोचनात्मक सोच : यह छात्रों को वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान कौशल विकसित करने में मदद करती है।

मूल्यांकन में निष्पक्षताः बाहरी परीक्षकों की उपस्थिति से व्यावहारिक ज्ञान का अधिक सटीक और निष्पक्ष मूल्यांकन होता है।

संक्षेप में, प्रायोगिक परीक्षा केवल अंक हासिल करने का साधन नहीं, बल्कि छात्रों को तकनीकी और व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाने के लिए अनिवार्य है।

परंतु विभाग की उदासीनता के चलते इन समस्त उद्देश्यों पर पानी फिर रहा है।

विकासखंड बिछिया के हायर सेकेंडरी स्कूल भिलवानी में 20 फरवरी को कक्षा 12वीं के रसायन शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा की तिथि निर्धारित की गई थी तथा वीरेंद्र सराठे उच्च माध्यमिक शिक्षक रसायन हायर सेकेंडरी स्कूल जहरमऊ को बाह्य परीक्षण नियुक्त किया गया था। एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव आई ए एस जब निरीक्षण में विद्यालय पहुंची तो उन्होंने देखा कि विद्यार्थी पुस्तक रखकर बगैर कोई प्रायोगिक कार्य किया उत्तर पुस्तिकाओं में प्रयोग लिख रहे थे। उनके द्वारा तत्काल जिला प्रशासन एवं विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े एवं मुकेश पांडे घटनास्थल पर पहुंचे। प्रायोगिक परीक्षा में घोर लापरवाही के चलते आज की परीक्षा को निरस्त किया गया एवं दोषी अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

चर्चा तो यह भी है कि आजकल प्रायोगिक परीक्षाएं इसी प्रकार संपन्न कराने का चलन बन गया है अधिकतर बाह्य परीक्षण ना प्रायोगिक कार्य करवाते हैं और ना ही ठीक ढंग से प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हैं। जबकि बोर्ड द्वारा आने-जाने के व्यय के साथ-साथ दैनिक भत्ता और प्रति उत्तर पुस्तिका के मान से मानदेय भी दिया जाता है।

जिम्मेदार अधिकारी सालभर संलग्नीकरण और वित्तीय मामलों में विशेष रुचि दिखाते हैं। उड़न दस्ता दल भी बनाए गए हैं।फिर भी वस्तुनिष्ठत प्रश्नों को लेकर परीक्षा केंद्रों में जमकर चाय - पानी का दौर चलने की बात दबी जुबान से लोग बताते हैं। यक्ष प्रश्न ₹कहीं ऐसा तो नहीं यह सब सुनियोजित तरीके से होता है ताकि जिले का परीक्षा परिणाम टॉप टेन में आ जाये?

## नगर में बाईपास नहीं बनने से शहर से निकल रहे वाहन, आये दिन हो रही दुर्घटनाएं, आधे सड़क पर अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

बिछिया नगर टू लाइन हाइवे इन दिनों आये दिन नई दुर्घटनाओं को लेकर चर्चा में है, कब कहा कोई दुर्घटना हो जाए कोई समझ नहीं सकता वाहन से सड़क में पहुंचते ही ईश्वर याद आ जाते हैं, विगत कुछ दिनों में हुई घटनाओं को ले तो चार दिन पहले नगर के मुख्य तिराहे में सड़क के बीच एक वीकल वाहन लम्बे ट्राले के टायर के नीचे गिर गया जिसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में स्वस्थ केंद्र रेफर किया गया, वही बीते दिवस ब्लाक तिराहे के पास स्कूटी वाहन को ट्राले ने टक्कर मार दी जिसे नाकपुर ले जाते समय उसकी कुछ समय बाद मृत्यु हो गई, इस तरह आये दिन एक नई दुर्घटना देखने को सुनने को मिलती है, मगर आज तक प्रशासनिक अमला या राजनीतिक जन प्रतिनिधि के कानों हवा भी नहीं लगती, आज तक फोर लेन सड़क या बाई पास मार्ग सिर्फ सुनने में आ रहा मगर कोई कारगर कदम आज तक नहीं उठाए गए जिसका परिणाम यहां की जनता को देखना भोगना पड़ रहा है।

नगर के बीचों-बीच से गुजर रहा नेशनल हाईवे 30 लगातार हादसों का कारण बन कर रह गया है, ओर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। विगत दिनों तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार को रौंद दिया। एम्बुलेंस तक समय पर नहीं पहुंच सकी जैसे तैसे घायल को थाना प्रभारी के वाहन से अस्पताल ले जाना पड़ा। जिसकी रस्ते में मौत हो गई, मगर सवाल यह है कि आखिर कब तक बिछिया की जनता अपनी जान जोखिम में डालकर इस सड़क पर चलेगी? फोरलेन की सड़क को, टू लेन बना दिया गया वर्ष 2014 में एनएच-30 फोरलेन के रूप में स्वीकृत हुआ था, लेकिन जिले के सांसद और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते इसे टू-लेन में बदल दिया गया। आज उसी फैसले का खामियाजा बिछिया की जनता अपनी जान जोखिम डाल कर चुका रही है। ओर बाईपास अब भी सिर्फ यहां के लोगों के लिए स्वप्न बन कर रह गया है बिछिया बाईपास का प्रस्ताव रखा गया, लेकिन निर्माण आज तक शुरू नहीं हुआ। नगर के बीच से हाईवे निकाल दिया गया, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। दोनों लाइनों में आधी सड़क पर कब्जा वाहन विकल खड़े रहते हे, तो कही फुटपाथ के ऊपर कब्जा कर लिया गया है फिर हाईवे से लगे बैंक ऑफिस कार्यालय में आये उपभोक्ताओं के वाहन पूरे दिन खड़े रहते हैं ओर जिम्मेदार मौन कही कोई कार्यवाही नही ओर हुई भी तो मात्र दिखावा सबित होती हैं हालात यह हैं कि आधी सड़क ऑटो स्टैंड और बाइक पार्किंग में तब्दील हो चुकी है फुटपाथों पर दुकानदारों का अवैध कब्जा है यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है बस स्टेड से बसे जब निकलती है ओर हाइवे में पहुंचने के बाद भी इतनी स्लो चलती है की उनके पीछे लंबा जाम लग जाता हैं इसके बावजूद नगर प्रशासन और संबंधित विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा लगातार हो रहे हादसों के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। नगरवासियों का साफ कहना है कि अगर समय रहते जल्द बाईपास निर्माण और नगर के फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हुई तो लगता प्रशासन अब भी कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा ऐसे में नगर के लोगों को कोई जन आंदोलन भी करना पड़ सकता हैं। आज भी लोग यह सोचने पर मजबूर है की बाईपास की मात्र घोषणा हुई है मगर बनेगा कब या फिर सरकार का सिर्फ झुनझुना तो नहीं? पकड़ा दिया गया है ओर कागजी फाइलों में शिमिट कर रह गया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से वाइक चालक घायल

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम चांदोन निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस वह अपने साथी राहुल गुर्जर के साथ अपनी मोटर साईकिल से गांव जा रहा था। इस दौरान जब वह सोया प्लांट के पास पहुंचे तो वहां पर पीछे की ओर से एक रहे एक ट्रक क्रमांक RJ21GD0158 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपने ट्रक को चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी सहित उसके साथी को चोटे अपने के कारण पुलिस द्वारा आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### शराब पीने के लिये पैसा नहीं देने पर की मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के जमाडा रोड स्थित एक दुकानदार द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बीते हुये दिवस अपनी दुकान पर था उसी समय पडौस में रहने वाला छत्रपाल सिलावट नामक युवक आया औश्र शराब पीने के लिये एक हजार रूपया की मांग की गई जब प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किया तो आरोपी द्वारा दुकान के अंदर घुसकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### वृद्व के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर सालीचौका वार्ड क्रमांक 5 के निवासी राम मनोहर पिता हरिशंकर श्रीवास्तव उम्र 71 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बारहाबडा रोड पर स्थित पान दुकान पर पान खाने के लिये गये हुये थें उसी दौरान प्रकाश चौरासिया आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### लोहे की पट्टी मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये शहर की मंगल सिटी निवासी एक कक्षा 11 वी की छात्र द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह जब अपने किसी काम से शनि मंदिर के पास से जा रहा था उसी समय अंशुल वंशकार नामक युवक मिला और गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा अपने हाथ में रखे हुये एक लोहे की पट्टी मारकर चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पति पत्नी के साथ लाठी से मारपीट कर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम जाईखेड़ा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपने देवर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर में लड्डू बनाकर रही थी उसी दौरान आरोपी देवर देवेन्द्र ठाकुर आया और बगैर किसी कारण के गालिया देने लगा। जब प्रार्थिया द्वारा उसे गाली देने से मना किया तो नही मानने के बाद प्रार्थिया द्वारा अपनी पति को फोन करते हुये बताया जिसके चलते प्रार्थिया का पति सुनील ठाकुर आया और भाई देवेन्द्र को समझाने का प्रयास किया। मगर उसके साथ भी गाली देते हुये आरोपी देवेन्द्र ने अपनी भाभी व भाई के साथ लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# दादा धूनी वालों की नगरी में वर्षो से चल रहा सीवरेज लाईन का कार्य अब नगरवासियों को बनने लगा परेशानी का कारण

## चैकिंग नाम पर जहां तहां खोदे जाने वाले गड्डे मासूमों की जिन्दगी को डाल रहे खतरे में .....

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

शहर हो या फिर कस्बा वहां पर निवास करने वाले सभी लोग अपने क्षेत्र का विकास चाहते है। मगर कभी कभी देखा जाता है कि विकास कार्य को अंजाम तक पहुंचाने वाले लोगों द्वारा जिस प्रकार से कार्य किया जाता है वह निश्चित ही वहां पर निवास करने वाले लोगों के लिये अभिशाप बनने से नही चूकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में देखने मिल रही है। जहां पर लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये नल जल योजना के तहत सीवरेज पाईप लाईन डालने के लिये जिस प्रकार से बाहर से आई हुई एक कंपनी द्वारा बीते हुये लगभग 6-7 साल पहले से जिस कछुवा गति से कार्य किया जा रहा है जिसमें कार्य पूर्ण होने की अवधि समाप्त होने के बाद भी कार्य पूर्णतः की ओर नही पहुंच पाया है.. तो दूसरी ओर आये दिन जहां तहां गड्डे खोदे जाने के कारण आम जन के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक रहे है..? इस तरह दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में मनमाने तरीके से किये जा रहे निर्माण कार्य के चलते जरा सी बारिश होते ही नगर के लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर जब कंपनी के कर्ताधर्ताओं के मन में होता है वह नगर के अंदर खुदाई शुरू कर देते है और उसी स्थिति में छोड़कर चले जाने के कारण लोग परेशान होते रहते है। इसी प्रकार इस समय नगर में अनेक जगहों पर चैम्बर बनाने के नाम पर खुदाई शुरू किये जाने के कारण लोगों को परेशान होने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है.? बताया जाता है कि 33.73 करोड़ रूपया की अनुमानित लागत से पूर्ण होने वाली इस योजना के कार्य का शुभारंभ 5 अगस्त 2018 से शुरू होकर 2 दिसम्बर 2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य था। इस तरह दो साले के अंदर कपंनी को इस कार्य को पूरा करना था। मगर मनमर्जी का आलम यहां पर इस तरह बना हुआ है कि कार्य पूर्ण होने की तिथि को सालों का समय निकल चुका है। मगर कार्य अभी भी अधूरा दिखाई दे रहा है..? इस प्रकार निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इस कार्य को जिस प्रकार से नगर के अंदर मुख्य सड़कों की खुदाई की गई है उसके चलते नगर के अंदर की स्थिति इस तरह की बनी हुई है कि जरा सी बारिश होते ही जहां लोगों को अपने घरों तक पैदल पहुंचना तक मुश्किल हो जाता है। क्योंकि नगर के अंदर मुख्य सड़को के बीचों बीच की गई




खुदाई के कारण सड़को का नामोनिशान मिट चुका है। इस स्थिति में जरा बारिश होते ही नगर की सड़को पर कीचड़ का साम्राज्य स्थापित होने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की गति धीमी होने के कारण यह परेशानी नगर के लोग बीते हुये लगभग 6 -7 साल से भोगते चले आ रहे है। वही दूसरी ओर नगर परिषद द्वारा बीते हुये कुछ वर्ष पहले नगर के अंदर शासन की लाखों रूपया की राशि खर्च करते हुये जिन सीमेन्ट सड़को का निर्माण किया गया था वह सड़के भी इस योजना की भेंट चढ़ चुकी है। जिससे नगर परिषद को भारी क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। इस सच्चाई को लेकर नगर के लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इन सड़को की खुदाई एक साइड से करते हुये पाईप लाईन डाली गई होती तो निश्चित ही आम लोगों को परेशानी का सामना करने से निजात मिलने के साथ साथ सड़को को भी सुरक्षित बचाया जा सकता था। मगर इस कंपनी द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये नगर के अंदर मुख्य सड़को से लेकर कालोनियों में जिस तरह से बीचों बीच खुदाई कर दी गई है उसके चलते जहां नगर के लोग लगातार परेशान होते हुये देखे जा रहे है। वही निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सबाल खड़े होने से नही बच पा रहे है? जबकि बताया जाता है कि इस प्रकार से जल सप्लाई सहित अन्य लाईनों को यदि शहर के अंदर से डाला जाता है तो सड़कों के किनारे मजदूरों के माध्यम से खुदाई कराये जाने के नियम है..? मगर यहां पर देखने मिल रहा है कि जिस



प्रकार से शहर के अंदर सड़को की मशीनों के माध्यम से खुदाई की गई है उसके चलते नगर की सड़के पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त होने से नही बच पाई है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे निवास करने वाले लोगों के घरों को भी मशीन की धमश के चलते क्षति पहुंचते हुये देखी जा चुकी है..? इतना ही नही यदि सड़क के बीचों बीच डाली गई इस पाईप लाईन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह सांईखेड़ावासियों को भविष्य में भी परेशानी का कारण बनने से नही चूक पायेगी? क्योंकि जब इस योजना का कार्य पूर्ण हो चुका होगा और उस दौरान यदि पाईप लाईन में कभी कोई गड़बड़ी पैदा हो जाती है तो उसे ठीक करने के लिये फिर सड़क के बीचों बीच खुदाई करते हुये ही उस गड़बड़ी को ठीक किया जा सकेगा। इस स्थिति में चलते नगर की सड़को की खुदाई की नौबत सदा ही बनते हुये देखी जावेगी इस तरह सदा ही शहर में खुदाई को दौर चलने से नही चूक पायेगा ..? और देखने मिलना भी शुरू हो चुका है जो आये दिन जां तहां गड्डे खोदते हुये जिस तरह खुला छोड़ दिया जाता है वह दुघर्टनाओं को आमंत्रण देने से ही चूक रहे है..? यदि इस पाईप लाईन को सड़क किनारे से डाली गई होती तो निश्चित ही नगरवासियों को वर्तमान समय से लेकर भविष्य में भी परेशानियों से निजात मिल सकती थी। यदि इस कार्य को मशीन की जगह मजदूरों से कराया गया होता तो निश्चित तौर से नगर के लोगों को परेशानी से नही जूझना पड़ता। क्योंकि मशीन के माध्यम से कराये गये कार्य के चलते सड़को की खुदाई सड़को के बीचों बीच से होने के कारण





नगर की संपूर्ण सड़के जहां खराब हो चुकी है जो जरा सी बारिश होते ही जहां दल दल का रूप धारण कर लेती है और यह हाल नगर के अंदर सदा ही बना रहेगा क्योंकि पाईप लाईन में भविष्य में खराबी आने या फिर नया कनेक्शन देने के दौरान सड़को की खुदाई होना आम बात बन जावेगी? इस सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी नगर के जिम्मेदारों द्वारा समय रहते हुये किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण नगर की जनता को इस प्रकार की परेशानी सदा ही झेलते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है..? इस समय कंपनी द्वारा नगर के मुख्य स्थानों सहित कालोनियों व मुहल्लों में डाली गई लाईन की चैकिंग या फिर चेम्बर निर्माण के नाम पर जहां तहां खुदाई करते हुये छोड़े जाने वाले गड्डे स्कूली बच्चों सहित आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है..?





## कक्षा 5 और 8वीं की वार्षिक परीक्षाएँ हुई शुरू, बच्चों के चेहरों पर देखने मिली अनोखी उमंग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केन्द्र क़े निर्देशानुसार बीते शुक्रवार से कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई। इस तरह दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक क्षेत्र क़े परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई इस परीक्षा मे क्षेत्र की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं क़े छात्र छात्राएँ शामिल हुए। पहले दिन दोनों कक्षाओं मे हिंदी माध्यम क़े बच्चों ने हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम क़े बच्चों ने अंग्रेजी का पर्चा हल किया। बताया जाता है कि यह परीक्षाएँ 28 फरवरी को समाप्त होंगी। प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के इन वोर्ड परीक्षा की व्यवस्था को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा का अंतिम प्रश्न-पत्र 26 फरवरी को होगा। वही कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का अंतिम प्रश्न-पत्र 28 फरवरी को होगा। उल्लेखनीय हैं कि परीक्षा हेतु क्षेत्र क़े साईंखेड़ा ब्लॉक मे कुल 26 परीक्षा केंद्र बनायें गए हैं जिनमे नगर गाडरवारा मे पीएमश्री बीटीआईं स्कूल, पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन, शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय, शासकीय कन्या उ मा विद्यालय एवं सरस्वती उ मा विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया हैं। इसके अलावा चीचली ब्लाक मे कुल 33 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया हैं। इस परीक्षा मे चीचली ब्लॉक से कक्षा 5 वी क़े कुल 2611 एवं कक्षा 8 वी क़े कुल 2435 तथा साईंखेड़ा ब्लॉक से कक्षा 5 वी क़े 3142 एवं कक्षा 8 वी क़े 2993 छात्र छात्राओ को शामिल कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं । परीक्षा मे दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा अधिक दिव्यांग बच्चों को घर से परीक्षा देने का प्रावधान किया गया है। परीक्षा उपरांत केंद्र अध्यक्षो ने जनशिक्षा केंद्रों पर सामग्री जमा की। प्रथम दिन परीक्षा केंद्रों का स्कूल शिक्षा विभाग क़े अधिकारियो ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। वही बताया जाता है कि परीक्षा शुरू होने क़े पूर्व केंद्र अध्यक्षो ने छात्र छात्राओं को आवश्यक निर्देश दिए। परीक्षा उपरांत चिरहकला क़े परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर निकल रही छात्रा लक्ष्मी केवट ने बताया कि हिंदी का पर्चा सामान्य था जिसे हल करने मे कठिनाई नहीं हुई।

# तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र की बोहानी रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन स्टॉपेज की सौगात के चलते स्वागत करने उमड़ा सैलाब



**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** जहां एक ओर केन्द्र सरकार द्वारा आमजन को रेल सुविधाये प्रदान करने के लिये आये दिन नई नई ट्रेनों की सौगाते प्रदान करने के साथ साथ रेल्वे स्टेशनों की सूरत बदलने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक मात्र रेल्वे स्टेशन सिहोरा बोहानी की जिस तरह से वर्षो से उपेक्षा होते हुये देखी जा रही थी उसके चलते क्षेत्र के लोगों में मायुसी साफ दिखाई देने से नही चूक रही थी। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र में निवास करने वाले नेताओं को प्रदेश से लेकर दिल्ली की कुर्सी पर शुषोभित होते हुये देखे जाने के बाद भी इस रेलवे स्टेशन की ओर किसी तरह से ध्यान नही देने के चलते जहां यह रेल्वे स्टेशन अनेक ट्रेनों के लिये मोहताज होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर से रेलवे स्टेशन पर मौजूद व्यवस्थाये भी मात्र औपचारिकता पूर्ण दिखाई देने से नही चूक पा रही थी। जबकि गौर किया जावे तो इस रेल्वे स्टेशन के माध्यम से क्षेत्र के लगभग पचास से अधिक गांवों के लोग ट्रेन से यात्रा करते हुये देखे जाते है। इस तरह कई वर्षो पर इस रेल्वे स्टेशन पर किसी ट्रेन के रूकने की खबर सुनाई पड़ने के चलते निश्चित तौर से क्षेत्र के लोगों में खुशी का महौल देखने मिला है। वर्षो से क्षेत्रवासियों द्वारा इस रेल्वे स्टेशन पर नई ट्रेन को लेकर की जा रही मांग को क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल के प्रयासों से सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा पूरा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। बताया जाता है कि सिहोरा बोहानी रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन के नवीन स्टॉपेज की सौगात मिलने पर बीते हुये मंगलवार को क्षेत्र के लोगों में ऐतिहासिक उत्साह का महौल देखने मिला है। बताया जाता है कि मंगलवार को जबलपुर से इटारसी की ओर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन में क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी व भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक व पूर्व मंत्री समाज सेवी जालम सिंह पटैल खुद सबार होकर आये और उन्होंने





बोहानी रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन को रूकवाते हुये क्षेत्र वासियों को यह सौगात सौपी गई। वही क्षेत्र के लोगों को यह सौगात प्रदान करने के लिये पहुंचे अतिथियों सहित रेल चालक व परिचालक का क्षेत्र के लोगों ने बडे ही उत्साह के साथ स्वागत किया गया। नई ट्रेन की सौगात के उत्साह का नजारा इस तरह देखने मिल रहा था कि बोहानी रेल्वे स्टेशन ने जहां एक मेले का स्वरूप धारण करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। नई ट्रेन के स्वागत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेल मंत्रालय परामर्शदात्री समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य एवं होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन से मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक द्वारा इस ट्रेन के माध्यम से बोहानी स्टेशन तक यात्रा की गई। इस अवसर पर बोहानी क्षेत्र से अध्ययनरत विद्यार्थी भी इस ऐतिहासिक यात्रा में सहभागी बने। जैसे ही ट्रेन बोहानी स्टेशन पर रुकी, सिहोरा के युवा,बुजुर्ग बच्चें सहित पूरा क्षेत्र रंग-बिरंगी आतिशबाजी और जयघोष से गूंज उठा। जहां हजारों की संख्या में नागरिकों ने बड़े ही आत्मविश्वास से लबरेज अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। वही इस मौके पर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने उपस्थित अतिथियों के साथ हरी झंडी दिखाकर गाड़ी को आगे की ओर रवाना किया। इस अवसर पर सिहोरा हाट बाजार का भी भूमि पूजन किया। सांसद चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि युवाओं का उत्साह,



जिज्ञासा और ऊर्जा अत्यंत प्रेरणादायी है। विशेष रूप से कई गांवों से आए बुजुर्गों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत ने सभी का मन भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक ताकत है और उनका उत्साह ही उज्ज्वल भविष्य की आधार शिला है। इस ट्रेन के सिहोरा बोहानी स्टेशन पर ठहराव से क्षेत्र के विकास में बरदान साबित होगी। इस उपलब्धि को लेकर सांसद चौधरी न देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्टॉपेज विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दर्शन सिंह चौधरी के आलवा अन्य अतिथियों में मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल एवं पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने की गई। वही इस अवसर पर रेलवे के एडीआरएम आनंद कुमार ,भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व विधायक भैया राम पटेल, रमाकांत शर्मा, राव वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचा. सदस्य धनंजय पटेल, हरि प्रताप ममार, राव शैलेश सिंह, सुदर्शन पेठिया, जसवंत नगपुरिया, चन्द्र कुमार सुरैया, निरंजन सिंह, सुशील जैन, अजीत सिंह, गिरधारी लाल वर्मा, रीतेश पेठिया, हरीश पेठिया, विवेक पाठक, प्रभात नगपुरिया, राजेंद्र सिंह पटेल, राजकुमार कौरव, सना खान, शैलेश कौरव, तुलसीराम राठौर, भोजराज जाटव, हर्षित जैन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## रमजान के पहले जुमा पर मस्जिदों में देखने मिली भीड़



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** रमजान का माह मुस्लिम समुदाय को महत्व पूर्ण होता है। इसी के चलते रमजान के पहले जुमा में मस्जिदों में नमाजियों की भारी तादाद देखने मिली। बताया जाता है कि रमजान के पहले जुमा पर मुस्लिम समुदाय के लोगो ने मस्जिद पहुंचकर सामुहिक नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्र अदा किया। रमजान इबादत , बरकत, रहमत वाला महीना माना जाता है। रमजान के पवित्र माह में लोग रोजा रखकर नमाज पढ़कर अपने रब की इबादत में मशगूल दिखाई दे रहे हे । इसी के चलते बीते हुये शुक्रवार यानि की जुमा को जामा मस्जिद में हाफिज व कारी जुबेर आलम साहब ने नमाज पढ़ाकर अहले वतन की तरक्की खुशहाली कामयाबी के लिए दुआए की गई। वही जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान ने तामीर सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। रमजान उत्साह के साथ मनाया जा रहा है । सुबह शहरी के वक्त से रोजेदारों की चहल पहल शुरू हो जाती है। मुस्लिम समुदाय द्वारा खुशनुमा अंदाज में रमजान का पर्व मनाया जा रहा है लोग मोहब्बत के साथ मगरिब की अजान के वक्त सामूहिक रोजा इफ्तार करते नजर आते है तरावीह की नमाज मस्जिदों में अदा की जा रही है।

## साईखेड़ा में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** स्थानीय विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बीआरसी संदीप स्थापक ने कक्षा पांचवी व कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति, माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का संचालन के आलवा एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य सहित खाद्यान्न उठाव व ड्रॉप बॉक्स, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, आईवीआरएस मैसेज तथा निर्माण कार्य इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिए गये। वही बैठक में उपस्थित बीएसी मनीराम मेहरा एव पवन राजोरिया ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 से संबंधित मुख्य बिंदुओं, दिव्यांग विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में मिलने वाली सुविधाओं, विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति तथा शाला संचालन में मुस्कान एप कंटेंट से संबंधित संवाद व अध्यापन में टीएलएम का उपयोग इत्यादि पर चर्चा की। इस बैठक मे वेद प्रकाश राजपूत, दीपक आरसे सहित समस्त सीएसी की उपस्थिति रही।

## शहर में फैल रही मच्छर जानित बीमारियां

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** ठंड के मौसम स्वास्थ्य के लिए बेहतर माना जाता है किन्तु इस वर्ष चल रहे फरवरी माह में जहां आसमान पर छाई हुई बदले के चलते न तो ठंड विदाई ले पा रही है और न ही गर्मी का आगमन हो पा रहा है। इस तरह ठंड व गर्मी के गठबंदन के बीच चल रही मौसमी सरकार लोगों के लिये परेशानी का कारण बनते हुये देखी जा रही है। इस तरह अनोखा मौसम संक्रमण वाला रहने की स्थिति में मच्छरों की आवाज कानों में सुनाई देना निश्चित तौर साफ सफाई व्यवस्था पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर आमजन के जनस्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। बताया गया है कि फिलहाल चल रहे अजीब मौसम के कारण सर्दी, जुकाम, हाथ पॉव मे जकड़न, बुखार, खॉसी को मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।

# जनपद निधि में करोड़ों का खेल, बाबू-अफसरों की मिलीभगत से सरकारी खजाने पर डाका

डिंडौरी

जिले की अमरपुर जनपद पंचायत में सरकारी खज़ाने से करोड़ों रुपए की हेराफेरी किये जाने का बड़ा घोटाला सामने आया है, जनपद पंचायत में पदस्थ सहायक ग्रेड 03 और अधिकारियों की मिलीभगत से जनपद निधि से फर्जी बिल बाउचर लगाकर धड़ल्ले से सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है।

करोड़ों का घोटाला सामने आने पर तत्कालीन एवं वर्तमान सीईओ के कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिले की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम भ्रष्टाचार और बंदरबाट आम बात है लेकिन जनपद पंचायत स्तर पर अधिकारियों के नाक के नीचे बाबू के द्वारा करोड़ों रुपए की हेराफेरी किया जाना संरक्षण और प्रशासनिक विफलता का जीता जागता नमूना है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत अमरपुर में पदस्थ दिनेश कुमार तेकाम सहायक ग्रेड 03 के द्वारा वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक में जनपद पंचायत के खाते से स्वयं के खाते में करोड़ों रुपए का भुगतान प्राप्त किया गया है, इसके




बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी जानबूझ कर अनजान बने हुए हैं।

### अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

जिस तरह से बाबू ने सरकारी खाते से पैसे उड़ाए है उससे जनपद पंचायत अमरपुर में पदस्थ रहे तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी आधार सिंह कुशराम, वर्तमान सीईओ लोकेश नारनौरे की भूमिका संदिग्ध है, बाबू के द्वारा स्वयं को भुगतान किए जाने हेतु बिल बाउचर अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर जिम्मेदारों ने आँख बंद कर या जानबूझ कर बिलो में भुगतान किए जाने का मुहर लगा दिया। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि सरकारी अधिकारी,कर्मचारी किसी भी तरह से कार्यों का या अन्य भुगतान स्वयं के खाते में आहरित नहीं कर सकते, इसके बावजूद भी जिम्मेदारों ने बाबू के मनमानी पर अंकुश लगाने की बजाय संरक्षित करने का प्रयास किया है।

### चौक कार्यक्रम और अन्य व्यय के नाम पर खेल

भले ही जनपद पंचायत से ग्रामीण विकास और ग्राम पंचायतों के वाशिंदों के बुनियादी विकास का रोड मैप तैयार किया जाता हो लेकिन अमरपुर जनपद पंचायत में बाबू और अधिकारियों ने ही शासन की मंशा को मटियामेट कर दिया, अधिकारियों ने आम जनता के बुनियादी सुविधाओं के लिए नहीं बल्कि बाबू दिनेश कुमार तेकाम के बच्चे का चौक कार्यक्रम के नाम पर ही जनपद पंचायत के खाते से दिनांक 16/04/2024 को बाबू के खाते में 75000 हजार रुपए का भुगतान कर दिया है। हमारे पास मौजूद दस्तावेजों के अनुसार बाबू दिनेश कुमार तेकाम को चौक कार्यक्रम, चाय नाश्ता, टेंट, सहित अन्य कार्यों के नाम पर मात्र तीन वर्षों में 36 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। सूत्रों की माने तो वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक में जनपद पंचायत की खाता से आहरित राशि का यदि सही तरीके से परीक्षण कराया जाए तो कम से कम एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि गबन किये जाने का खुलासा हो सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार तेकाम के निजी खाते में वर्ष 2023 में लगभग 17 लाख रुपए, 2024 में लगभग 1130950 रुपये,2025 में लगभग 8 लाख रुपए भुगतान किए जाने संबंधी दस्तावेज सामने आया है।

### इनका कहना है,,,

मामलें की जांच कराई जाएगी, कल शाम तक जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

**दिव्यांशु चौधरी IAS, सीईओ, जिला पंचायत डिंडौरी**

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने करकेली विकासखंड एवं पाली विकासखंड में हायर सेकेण्ड्री की नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेम वर्क के समस्त विषय,शारीरिक शिक्षा,एआई कि परीक्षा का निरीक्षण किया। करकेली विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकेली मे आयोजित परीक्षा में 29 बच्चों ने परीक्षा दी । शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली में 49 में से 48 विद्यार्थियो ने परीक्षा । शासकीय उमावि मुदरिया में 6 बच्चों ने परीक्षा दी । निरीक्षण के दौरान शासकीय कन्या उमावि पाली की कुछ कक्षाओं में कम रोशनी पाई गई जहां पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही कक्षाओं की पुताई करवाने के भी निर्देश कलेक्टर महोदय द्वारा दिए गए। शासकीय उमावि मुदरिया के स्कूल परिसर में गंदगी पाई गई, जिस पर नियमित रूप से साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए । निरीक्षण के दौरान संबंधित परीक्षा केद्रों के केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे ।

### कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने पकड़े 8 स्थायी वारंटी

**कोतमा।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन मे रात्रि में कोतमा पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान न्यायालय से जारी वारंटियों की गिरफ्तारी तथा गुंडा बदमाशों की चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया गया। 08 स्थायी गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने बताया कि प्रकरण क्रमांक 1234/22, अपराध क्रमांक 571/22 वारंटी मौसम गुप्ता पिता राकेश गुप्ता उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्र 04 कोतमा 13 (क) जुआ एक्ट के प्रकरण में तथा आकाश कोल पिता हेमलाल कोल उम्र 19 वर्ष निवासी दमकीटोला थाना कोतमा के 13 (क) जुआ एक्ट. के प्रकरण में मदन कोल पिता विशाल कोल उम्रार 40 वर्जूष निवासी गोविन्दा गावं थाना कोतमा के। धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के प्रकरण में कमल सिह पिता बंशु सिह गोड उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्र 04 कोतमा का 13 (क) जुआ एक्ट के प्रकरण मे बालमीक सोनी पिता धर्मदास सोनी उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्र 04 कोतमा का 13 (क) जुआ एक्ट के प्रकरण मे सूरज कुशवाहा पिता रामधनी कुशवाहा उम्र 27 वर्ष निवासी बनियाटोला कोतमा के 13 (क) जुआ एक्ट प्रकरण मे जितेन्द्र सोनी पिता पुरषोत्तम सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्र 06 कोतमा के13 (क) जुआ एक्ट प्रकरण मे रोहित नामदेव पिता स्व0 गोविन्तद नामदेव उम्र 30 वर्ष निवासी कोतमा के 13 (क) जुआ एक्ट प्रकरण मे वारंट तामील कराया गया।

### छूलकारी के जंगल में सज रहा अवैध 52 पत्ती का अड्डा

**बदरा/जमुना।** ग्रामीण क्षेत्र में एक बार फिर अवैध जुए का कारोबार तेजी से पैर पसारता नजर आ रहा है फूनगा चौकी अंतर्गत छूलकारी के जंगल में नदी किनारे सुनसान स्थानों पर प्रतिदिन 52 पत्ती' (ताश) का जुआ संचालित किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि कोतमा निवासी कमलेश द्वारा जंगल के सुरक्षित और एकांत स्थानों का चयन कर नियमित रूप से जुआ खिलाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कार्रवाई से बचने के लिए जुए का अड्डा लगातार स्थान बदलता रहता है चुलकारी के जंगल के अलावा रक्सा कोलमी और बिजौड़ी गांव के जंगलों तथा नदी किनारे के अन्य सुनसान इलाकों में भी जुआरियों का जमावड़ा देखा जा रहा है शाम ढलते ही इन स्थानों पर बाहरी और स्थानीय लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है और देर रात तक हजारों रुपये का दांव लगाया जाता है जंगल और नदी किनारे का क्षेत्र होने के कारण पुलिस की नजर से बचने में जुआ संचालकों को आसानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि की चपेट में क्षेत्र के युवा, मजदूर और दैनिक वेतनभोगी व कलारी कर्मचारी वर्ग तेजी से फंसते जा रहे हैं।

# 'पंखिनी' को मिले सपनों के पंखः कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शुरू की बेटियों के लिए निःशुल्क प्रतियोगी कोचिंग

डिंडौरी न्यूज

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित जिला प्रशासन की अभिनव पहल पंखिनी सपनों को दो पंख" के तहत बालिकाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ 20 फरवरी से किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंखिनी पहल केवल कोचिंग कार्यक्रम नहीं] बल्कि जिले की बेटियों के सपनों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है। हमारा उद्देश्य है कि संसाधनों के अभाव में कोई भी प्रतिभा पीछे न रह जाए। बेटियां यदि ठान लें तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। जिला प्रशासन उन्हें हर संभव मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने बालिकाओं को अनुशासन निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि यह पहल उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रशिक्षण में शामिल अभिलाषा परस्ते ने कलेक्टर को बताया कि उनके माता-पिता कृषक हैं। उन्होंने मोबाइल के माध्यम से अध्ययन कर MPPSC की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब जिला प्रशासन के विशेष



सहयोग से पंखिनी योजना के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है, जिससे वे मुख्य परीक्षा की तैयारी सुव्यवस्थित रूप से कर पा रही हैं।

अभिलाषा ने अपने साथियों से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल का सदुपयोग करते हुए सकारात्मक सोच और नियमित अध्ययन के माध्यम से आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी सफलता में बाधा नहीं बनती यदि संकल्प मजबूत हो।

इस कोचिंग कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को विभिन्न कॉम्पिटेटिव एग्जाम जैसे (एमपीपीएससी) पुलिस भर्ती एवं अन्य शासकीय सेवाओं की परीक्षाओं की व्यवस्थित तैयारी कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में आयोजित एंट्रेंस परीक्षा के आधार पर चयनित बालिकाओं को इस निशुल्क कोचिंग में शामिल किया गया है।

पंखिनी पहल का उद्देश्य जिले की बालिकाओं को समान अवसर उचित मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफल बनाना है। जिला प्रशासन का यह प्रयास बालिकाओं के शैक्षणिक बौद्धिक एवं आत्मविश्वास विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सभी बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन बेटियों को आगे बढ़ाने हेतु हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम अनुशासन और आत्मविश्वास आवश्यक हैं। कलेक्टर ने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्रावास से दो छात्र लापता, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल




शहपुरा

ग्राम पिपराडी स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रावास से कक्षा 10वीं के दो छात्र देर रात लापता हो गए। दोनों छात्र इन दिनों बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। घटना की जानकारी सामने आते ही क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई और छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रश्न उठने लगे।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात के समय दोनों छात्र बिना अनुमति छात्रावास से बाहर निकल गए। अगले दिन विद्यालय प्रबंधन ने मामले की सूचना थाना शहपुरा को दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खोजबीन शुरू की और दोनों छात्रों को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल छात्रावास की निगरानी और सुरक्षा प्रबंधों पर खड़ा हो रहा है। वार्डन व स्टाफ की मौजूदगी के बावजूद छात्र रात में परिसर से बाहर कैसे निकल गए, इसे लेकर अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने चिंता व्यक्त की है।छात्रों के छात्रावास छोड़ने के कारणों को लेकर विभिन्न अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर किसी ठोस वजह की पुष्टि नहीं हुई है। परीक्षा जैसे संवेदनशील समय में इस प्रकार की घटना ने शिक्षा व्यवस्था और छात्रों की देखरेख पर बहस छेड़ दी है।स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके और छात्रावासों में सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ किया जा सके। पुलिस और शिक्षा विभाग ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

### इनका कहना है,,

थाना प्रभारी अनुराग जामदार ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन से सूचना मिलते ही टीम गठित कर खोजबीन की गई। दोनों छात्रों को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# आकांक्षी विकासखंड बजाग में विशेष आधार शिविर आयोजित, ग्रामीणों को मिली राहत

**डिंडौरी।** आकांक्षी विकासखंड बजाग में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत विशेष आधार पंजीयन एवं अपडेशन शिविरों का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन तथा एसडीएम रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में लगाए गए। शिविरों का उद्देश्य आदिवासी बहुल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को आधार संबंधी सेवाएं उनके गांव में ही सुगमता और त्वरित रूप से उपलब्ध कराना रहा।

ग्राम पंचायत चांड़ा में आयोजित शिविर के दौरान 11 बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए गए, जबकि 3 हितग्राहियों के मोबाइल नंबर अपडेट किए गए। हालांकि सर्वर की धीमी गति के कारण अपेक्षित संख्या में कार्य नहीं हो सका, फिर भी उपस्थित ग्रामीणों को यथासंभव सेवाएं प्रदान की गईं।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत खमेरा में आयोजित शिविर में उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। यहां 26 नए आधार पंजीयन किए गए तथा 4 मोबाइल नंबर अपडेट किए गए। ग्रामीणों ने अपने गांव में ही आधार सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की सेक्टर



पर्यवेक्षक श्रीमती हेमा ने बताया कि आकांक्षी विकासखंड में शत-प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। विशेष रूप से दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक आधार सुविधा से वंचित न रहे।जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे आधार से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर सेवाओं का लाभ उठाएं। शिविरों के सफल संचालन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# डिवाइडर निर्माण में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, ठेकेदार को नोटिस

खबर का असर

**शहपुरा (डिंडोरी)।** नगर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 45 पर चल रहे डिवाइडर निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। 20 फरवरी 2026 को दैनिक हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन हरकत में आया और संबंधित ठेकेदार को चेतावनी नोटिस जारी कर दिया गया।


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Narmada Bhoomi - 20 Feb 2026 - Page 3
डिवाइडर निर्माण में अनियमितता के आरोप, पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय अनुविभागीय दंडाधिकारी, शहपुरा द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि डिंडोरी-शहपुरा-जबलपुर मार्ग अंतर्गत नगर क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। निर्माण स्थल पर चेतावनी बोर्ड और संकेतक नहीं लगाए गए हैं, सड़क पर सामग्री अव्यवस्थित रूप से पड़ी है, बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था नहीं है तथा यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग की जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके चलते आम नागरिकों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। निर्माण स्थल पर बने गड्ढों और जलभराव की स्थिति के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। प्रशासन ने ठेकेदार को 22 फरवरी 2026 तक सभी कमियों को दूर कर कार्य को निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय सीमा में सुधार नहीं होने की स्थिति में निर्माण कार्य पर रोक लगाने सहित नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ही अव्यवस्थाएं बनी हुई थीं, लेकिन शिकायतों के बावजूद ठोस कदम नहीं उठाए गए। समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की सक्रियता को जनहित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नगरवासियों ने उम्मीद जताई है कि अब निर्माण कार्य सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाएगा, जिससे किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

# कलेक्टर के निर्देश पर चाड़ा स्थित छात्रावासों का निरीक्षण, व्यवस्थाएं संतोषजनक

**चाड़ा।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार एसडीएम एवं सीईओ बजाग श्री रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में 20 फरवरी को शासकीय सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास चाड़ा एवं बालिका आश्रम चाड़ा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य छात्रावासों में मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं की स्थिति का आकलन करना रहा।

अधिकारियों ने सीनियर बालिका छात्रावास में पेयजल व्यवस्था का जायजा लेते हुए पानी की टंकी की जांच की, जो स्वच्छ पाई गई।



कक्षा 10वीं एवं 12वीं की छात्राओं से बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर चर्चा की गई तथा उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। परिसर में वाटर कूलर उपलब्ध होने के बावजूद आर.ओ. सिस्टम स्थापित नहीं मिलने पर शीघ्र आर.ओ. लगाने के निर्देश दिए गए। भोजन व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

जूनियर बालिका छात्रावास के निरीक्षण के दौरान कमरे, शौचालय, भोजन कक्ष एवं पानी की टंकी साफ-सुथरी मिली। निर्धारित मीनू के अनुसार छात्राओं को भोजन दिए जाने की पुष्टि भी हुई। दोनों छात्रावासों में अधीक्षिकाओं के कार्य को सराहनीय बताया गया।निरीक्षण के अंत में व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### राष्ट्रीय राजमार्ग से हटकर निर्धारित स्थल पर लगा साप्ताहिक बाजार

**खरगहना।** ग्राम पंचायत खरगहना में राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार को प्रशासनिक आदेश के बाद 20 फरवरी 2026 से निर्धारित बाजार स्थल पर स्थानांतरित कर दिया गया। यह कार्रवाई पंचायत समन्वयक अधिकारी देव सिंह मरावी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और व्यापारियों के सहयोग से संपन्न हुई। पूर्व में बाजार के राजमार्ग पर लगने से यातायात बाधित होता था और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। बाजार के नए स्थल पर व्यवस्थित संचालन शुरू होने के साथ ही मुख्य मार्ग पर आवागमन सुचारू हो गया है, जिससे राहगीरों को राहत मिली है।निर्णय के बाद ग्रामवासियों और व्यापारियों ने प्रशासन के प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनहित में सकारात्मक कदम बताया है।



# "संकल्प से समाधान" शिविरः शहपुरा में हितग्राहियों को मौके पर मिला लाभ



**शहपुरा।** मध्य प्रदेश शासन के "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत नगर परिषद सभागार में आयोजित विशेष शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को सीधे नागरिकों तक पहुँचाना और लंबित समस्याओं का त्वरित निराकरण करना रहा। अभियान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक प्रदेशभर में संचालित है। वर्तमान में द्वितीय चरण (16 फरवरी–16 मार्च 2026) के तहत नगरीय निकायों में ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन की शिकायतों और आवेदनों का मौके पर निपटारा किया जा रहा है।

शिविर में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवसाय विस्तार के लिए ऋण स्वीकृति पत्र एवं क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए। हितग्राहियों ने बताया कि इस सहायता से उनके छोटे व्यापार को मजबूती मिलेगी और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही पात्र वृद्धजनों एवं विधवा महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के स्वीकृति पत्र सौंपे गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र नागरिक तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। उपस्थित नागरिकों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में सकारात्मक और प्रभावी कदम बताया। प्रदेश सरकार द्वारा "संकल्प से समाधान" अभियान के माध्यम से योजनाओं की सीधी पहुँच और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रयास लगातार जारी है, और शहपुरा में आयोजित यह शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### खबर संक्षेप

## परिवहन विभाग की कार्रवाई दो बसें जब्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा जिले के करेली क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित वाहनों एवं ओवरलोड बसों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान लगभग 10 वाहन बसों की जांच की गई, जिनमें से 2 बसें बिना वैध परमिट व ओवरलोडिंग पाए जाने पर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि अवैध एवं ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा यात्री सुरक्षा एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आईएफएमआईएस के संबंध में आयोजित हुआ प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मप्र आयुक्त कोष एवं लेखा के निर्देशानुसार और कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ई-दक्ष केंद्र नरसिंहपुर में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा उनके स्टाफ के लिए आईएफएमआईएस का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जिला कोषालय अधिकारी अमित चौबे एवं एटीओ एसआर रघुवंशी द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को एसएनए एवं स्पर्श देयकों की एडवाइजरी, ऑब्जेक्शन मास्टर की प्रक्रिया, स्वीकृति आदेश तथा आवश्यक दस्तावेजों के संलग्न की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही कोषालय संहिता के नियमों एवं परिशिष्ट, एमपीटीसी फॉर्म तथा वित्तीय प्रबंधन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तार से जानकारी और प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय वित्तीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना। प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों की तकनीकी समझ को सुदृढ़ कर शासन की योजनाओं के प्रभावी एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

## बाइपास में हुआ सड़क हादसा बाइक सवार 3 लोग घायल



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजरी-खमरिया बाईपास में कतरकना के नजदीक भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रुप से घायल हुए है। घायलों को संजीवनी 108 से नजदीक के सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार के लिए लाकर भर्ती करवाया गया। एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। हादसा गुरूवार की देर शाम साढ़े 08 बजे के आस-पास हुआ है। मिली जानकारी अनुसार महेश सिरसाम उम्र 45 वर्ष, प्रेम उइके उम्र 18 वर्ष, रामेश्वर उइके उम्र 23 वर्ष तीनों निवासी ग्राम खमरिया अपने घर की तरफ जा रहे थे। इनकी मोटरसाइकिल को दूसरी मोटरसाइकिल से पीछे से टक्कर मार दी। जिससे इनकी मोटरसाइकिल सामने जा रही बैलगाड़ी से जाकर टकरा गई। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर संजीवनी 108 ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और पायलेट दिलीप उइके घटनास्थल पर पहुंचे जिन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यहां से महेश को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया।

### नव नियुक्त पदाधिकारियों की जिला बैठक सम्पन्न

# भाजपा में पद कोई अलंकार की वस्तु नहीं एक दायित्वः रामस्नेही



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में हाल ही में घोषित हुई जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक भााजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री जालम सिह पटैल के मुख्य आतिथ्य व जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा, राहुल कौरव व राजाराम कस्तवार एवं वरिष्ठ नेता रामनारायण बड़कुर के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर हुआ तत्पश्चात आयोजित स्वागत समारोह में सभी पदाधिकारियों का तिलक माला शॉल व पार्टी के अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों ने अपना परिचय उपस्थित जनों के मध्य रखा।

### कार्यकर्ता पूर्ण मनोभाव करें कार्य

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा में पद कोई अलंकार की वस्तु नहीं एक दायित्व है। किसी भी दायित्व का मूल्यांकन तब तक शून्य माना जायेगा जब तक वह दिये गये कार्य को पूर्ण ना करें। आज से आप सभी के लिए पार्टी के कार्य प्रथम व शेष कार्य अंतिम होना चाहिए अतः सभी कार्यकर्ता पूर्ण मनोभाव से पार्टी के दिये कार्यों को तय समय में पूरा करें। पार्टी पदाधिकारी के नाते हमारा आचरण ऐसा होना चाहिए जिसका अनुसरण दूसरे कार्यकर्ता करें। उन्होने आगे आने वाले पार्टी कार्यक्रमों व प्रशिक्षण अभियान की जानकारी सभी के मध्य रखी।

### आदर्शों का करें पालन

पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल ने उद्बोधन में कहा कि सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा एक विचार है और इस विचार को पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। हमें पार्टी की विचारधारा को बूथ बूथ व घर घर तक पहुंचाकर आगामी चुनाव में पार्टी का परचम लहराना है। हम सभी को इस बात का गर्व होना चाहिए कि हम भाजपा के कार्यकर्ता है चाहे कितना भी बड़ा नेता हो उसका कार्यकर्ता का पद सदैव स्थायी रहता है। अतः सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता भाव से सभी को साथ लेकर पार्टी के द्वारा दिये गयें कार्यक्रमों व लक्ष्यों को तय समय में पूर्ण करें तथा आदर्शो का पूरी निष्ठा के साथ पालन करें।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक का संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा व आभार जिला महामंत्री राहुल कौरव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वीना ओसवाल, ठा.हेमेन्द्र सिह, महीष मोदी, अनुराधा पटैल, मुकेश मरैया, अजय साहू, कीरत गुर्जर, जिला मंत्री प्रभा पटैल, सुषमा रैकवार, अभिजीत महाजन, हर्ष पाठक, महेन्द्र पटेल, रजत चौहान, दुर्गेश नंदनी उइके, जयप्रकाश वर्मा, कार्यमंत्री सुदर्शन वैद्य, सहकार्यालय मंत्री विनोद श्रीवस्तव, रूपाली नामदेव, कोषाध्यक्ष भगवान सिंह पटैल, सह कोषाध्यक्ष मनमोहन साहू, मुकेश कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष अभिशेक पटैल, अंजनी सोनी, रघुनाथ ठाकुर, नीलेश शर्मा, रामनारायण पटैल, भगवत पटैल, अंशुल नेमा, योगेन्द्र पटैल, संजय बनवारी, जितेन्द्र स्वामी, दीपक राय, नीतेश दुबे, ब्रजेन्द्र पटैल, प्रताप पटैल, सीमांत राजपूत, ईश्वर गुर्जर, चन्द्रकांत शर्मा, दिग्विजय सिह, सुरेश मामुलिया, नरेश कौरव, राजेश गुर्जर सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## श्री शिव महापुराण कथा में बतायी शिव की महिमा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** समीपी ग्राम सिंहपुर बड़ा में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कथा व्यासपीठ से आचार्य ने भगवान शिव की महिमा का अमृतमय वर्णन करते हुए बताया कि शिव तत्व ही जीवन का आधार है। भगवान शिव के करुणा, वैराग्य और भक्तवत्सल स्वरूप का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा में बताया गया कि जो मनुष्य सच्चे भाव से महादेव का स्मरण करता है, उसके जीवन के समस्त कष्ट स्वतरू दूर हो जाते हैं। कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह प्रसंग एवं भक्तों पर भगवान की कृपा की प्रेरणादायक कथा सुनाई गईं। श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। व्यासपीठ पूज्य डॉ पंडित भवानी शंकर तिवारी यह भी संदेश दिया गया कि कथा श्रवण मात्र से ही पापों का नाश और पुण्य की वृद्धि होती है। साथ ही यज्ञ एवं दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी श्रद्धालुओं से धर्म कार्य में सहयोग का आह्वान किया गया।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 23 को

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाए जाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सोमवार 23 फरवरी को अपराह्न 3 बजे नरसिंह भवन कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। कार्यपालिक दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में आगामी 2 मार्च को होली (धुरेड़ी), 8 मार्च को रंगपंचमी, 19 मार्च को चैत्र नवरात्र प्रारंभः गुड़ी पडवा चेटीचांद, 21 मार्च को ईद-उल-फितर और 27 मार्च 2026 को रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध में उक्त बैठक आयोजित की जाएगी।

# जूडो खिलाडियों का चयन करेंगे अशोक नामदेव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारतीय जूडो महासंघ द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2026 में आयोजित होने जा रही कॉमनवेल्थ गेम्स एवं एशियन गेम्स में भाग लेने वाली भारतीय टीम का चयन 1 मार्च 2026 के पूर्व आई.जी. स्टेडियम नई दिल्ली में किया जाना है, भारतीय जूडो महासंघ के द्वारा आयोजित चयन स्पर्धा के दौरान प्रत्येक भार वर्ग में भारत के सर्वश्रेष्ठ 2 - 2 जूडो खिलाड़ियों का चयन किया जाकर भारतीय ओलंपिक संघ को चयनित खिलाडियों की सूची सौंपी जाना है। चयन स्पर्धा को सुचारू एवं सफल संचालन हेतु नरसिंहपुर के जूडो प्रशिक्षक व ए ग्रेड नेशनल रेफरी अशोक नामदेव को चयनकर्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है, श्री नामदेव दिल्ली के आई. जी. स्टेडियम में होने वाली चयन स्पर्धा में उपस्थित रहकर देश के श्रेष्ठ जूडो खिलाडियों के चयन करने हेतु भारतीय जूडो महासंघ को अपना सहयोग प्रदान करेंगे, यह प्रथम अवसर है जब किसी कॉमनवेल्थ एवं एशियन गेम्स में भाग लेने वाली भारतीय टीम के चयन हेतु जिले के किसी प्रशिक्षक को आमंत्रित किया गया है उनकी उपलब्धि पर जिले में खेलों के विकास हेतु सदा तत्पर रहने वाले पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला जूडो संघ के संरक्षक समाजसेवी सुनील कोठारी, अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, नीलेश जाट सहित जिले के सभी खेल संघो के पदाधिकारियों खेल क्लबो खेल प्रेमी जनों द्वारा बधाइयां प्रेषित की जा रही हैं ।

## 202 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 5 वीं व 8 वीं की परीक्षा प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित समय सारणी अनुसार कक्षा 5 वीं व 8 वीं की वार्षिक परीक्षा जिले के 202 परीक्षा केंद्रों पर प्रारंभ हुई। कक्षा 5 वीं में हिन्दी, अंग्रेजी व उर्दू और कक्षा 8 वीं में सहायक वाचन सहित हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू की वार्षिक परीक्षा सम्पन्न हुई। जिले में बनाए गए 202 परीक्षा केंद्रों में कक्षा पांचवीं के 17 हजार 747 परीक्षार्थियों में से 17 हजार 697 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा आठवीं के 16 हजार 622 परीक्षार्थियों में से 16 हजार 501 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 121 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पर्यवेक्षकों द्वारा केंद्र पर व्यवस्थित निर्धारित कक्ष में अनुक्रमांक अनुसार बैठने में सहयोग किया गया। करेली जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत परीक्षा केंद्र शासकीय हाई स्कूल रांकई में कक्षा पांचवीं में 56 एवं कक्षा 8 वीं 36 छात्र- छात्राओं द्वारा प्रथम भाषा उर्दू माध्यम का प्रश्नपत्र हुआ। डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, जिला परियोजन समन्वयक मनीष चौकसे, एपीसी समीर त्यागी, विकासखंड स्रोत समन्वयक ओपी राय, बीएसी ब्रजेश नेमा ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। समस्त संस्था प्रभारी को पालक से संपर्क कर परीक्षार्थियों को परीक्षा शतप्रतिशत उपस्थिति के लिए निर्देशित किया गया। परीक्षा के सफल संचालन में सभी केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों द्वारा परीक्षा को सुचारू संचालित किया गया।



## कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर मंत्री विजयवर्गीय का किया पुतला दहन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। सुभाष पार्क चौराहे पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान शहर, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरसिंहपुर, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा सदन के अंदर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पर चर्चा के दौरान अमर्यादित टिप्पणी की थी। इसी टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों ने एकजुट होकर नारेबाजी की और मंत्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विधानसभा जैसे लोकतांत्रिक सदन में इस प्रकार की भाषा का प्रयोग निंदनीय है और यह संसदीय मर्यादा के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



## महीष मोदी बनें जिला उपाध्यक्ष




### प्रदेश प्रभारियों को पहुंचे धन्यवाद ज्ञापित करने

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों जिला भारतीय जनता पार्टी ने अपनी कार्यकारणी घोषित कर दी है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष महामंत्री और जिला प्रभारी क्षेत्रीय विधायकों की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक द्वारा अपने जिले की कार्यकारिणी घोषित की गई है जिसमें तेंदूखेड़ा के सजग कार्यकर्ता महीष मोदी को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।महीष मोदी छात्र जीवन से विद्यार्थी परिषद की राजनीति से लेकर भाजपा के विभिन्न दायित्वों को बखूबी निभाते चले आ रहे हैं।उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शुभचिंतकों ने अपनी शुभकामनाएं बधाईयां प्रेषित की है। नियुक्ति के तुरंत बाद जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक के नेतृत्व में भोपाल जाकर प्रदेश पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भरोसा दिलाया कि पार्टी की रीति नीति के अनुसार दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# परीक्षा केंद्रों पर क्षमता से अधिक बैठ रहे परीक्षार्थी



### आधे छात्र नीचे और आधे छात्र डेस्कों पर बैठे



तेंदूखेड़ा शुक्रवार से प्राथमिक विभाग कक्षा पांचवीं और मिडिल विभाग में कक्षा आठवीं की परीक्षाएं शुरू हो गई है। चांवरपाठा विकास खंड के नौ संकुल केंद्रों में तेंदूखेड़ा में बनें दो परीक्षा केंद्रों में क्षमता से अधिक परीक्षार्थी बैठे हुए हैं। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में साढ़े चार सौ से अधिक तो बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में साढ़े तीन सौ से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। लेकिन विसंगति पूर्ण स्थिति यहां पर यह देखने को मिल रहा है कि नगर में और भी प्राथमिक विद्यालय है या फिर प्राइवेट स्कूल है सुविधाओं और बैठक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए इनमें में कुछ परीक्षार्थियों को बिठाया जा सकता था।जो दबाव कम करने में सहायक होता और जो परीक्षार्थी नीचे बैठ रहे हैं उन्हें भी असुविधा भी ना होती। चूंकि इन्हीं केंद्रों पर दसवीं बारहवीं के परीक्षार्थी भी परीक्षा दे रहे हैं। दोनों केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की व्यवस्था करनी टेरी खीर वाली कहावत को चरितार्थ हो रहा है। कुछ पर्यवेक्षकों को दिव्यांग छात्रों के घर पर जाकर परीक्षा लेने से भी पर्यवेक्षकों की कमी पड़ रही है।कन्या विद्यालय केंद्र में अंग्रेजी माध्यम स्कूल के छात्र छात्राएं बैठी हुई है। अंग्रेजी माध्यम स्कूल के छात्रों को भी अलग केंद्र बनाकर बिठाया जा सकता था। हिंदी अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को एक साथ बैठकर परीक्षा देनी पड़ रही है। इनमें अधिकांश छात्रों का कहना है कि हम लोग डेस्कों पर बैठकर अध्यापन करते रहे हैं।अब अचानक नीचे बैठकर परीक्षा देने में परेशानी हो रही है। पहले दिन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा कक्ष में बिठालने में केंद्र अध्यक्षों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं छोटे छोटे बच्चों बाहर स्कूलों से आये पांचवीं के छात्रों के पालकों को भी केंद्र में स्वयं छोड़ने और बिठालने में सहायता करनी पड़ी।